CBSE Affiliation No. : 2130745

Shree Sanatan Dharm
EDUCATION CENTRE
118/266, Kaushalpuri, Kanpur

दिनांक - १४-०६-२०२४

श्री प्रधान जी,
श्री सनातन धर्म सभा, कानपुर

## श्री सनातन धर्म एजूकेशन सेन्टर की वार्षिक रिर्पोट - २०२३-२४

सर्वेश्वर भगवान की कृपा से आज मैं वर्ष २०२३-२४ की रिर्पोट माननीय अध्यक्ष श्री ध्रुव रूइया जी एवं सभा के माननीय सदस्यों के समक्ष पेश कर रहा हूँ।

ईश्वर की अपार कृपा से संसार को कोविड महामारी से छुटकारा मिल गया है। कोविड महामारी का प्रकोप समाप्त हो जाने से इस सत्र विद्यालय में पठन पाठन एवं अन्य गतिविधियॉ सामान्य रूप से पूर्ण हुईं।

इस सत्र (२०२३-२४) में कुल ३१६ एडमिशन हुए और अब छात्र-छात्राओं की संख्या २६७३ हो गई है जो कि हमारे विद्यालय की लगभग full capacity है । विद्यालय में कुल ७२ सेक्शन हैं। RTE के अंतर्गत २४ बच्चों को भर्ती किया गया।

बारहवीं कक्षा में कुल १८२ छात्रा छात्राऍं थे जिनमें ८८ विज्ञान वर्ग में एवं ६४ वाणिज्य वर्ग में। भूमिका भाटिया ने ६७.६ प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। ३७ विद्यार्थियों को ९० प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए तथा एक विद्यार्थी ने इकनॉमिक्स में १०० अंक प्राप्त किये।

कक्षा दस में २११ विद्यार्थियों ने परीक्षा दी एवं परीक्षाफल अत्यंत संतोषजनक रहा। ६८ विद्यार्थियों को ९० प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए। १६४ विद्यार्थियों ने ७५ प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। २ विद्यार्थियों ने गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में १०० अंक प्राप्त किये।

इस वर्ष विद्यालय द्वारा २४६ बच्चों को शुल्क माफी की सुविधा दी गई। विद्यालय द्वारा १०७ छात्र-छात्राओं का १०० प्रतिशत तथा ७७ छात्र-छात्राओं का ५० प्रतिशत ट्यूशन शुल्क माफ कर दिया गया। इसके साथ-साथ ७२ बच्चों को स्टाफ कनसेशन भी प्रदान किया गया ।

क्रमशः २/-



Phone : 0512-2234231, 2234264
E-mail : sanatan.dharm@rediffmail.com • Website : ssdecknp.edu.in

इसके अलावा RSPL (घड़ी डिटरजेंट) ग्रुप द्वारा ८ छात्राओं को छात्रवृत्ति दी गयी। इनमें से ६ बच्चों की आधी फीस तथा २ बच्चों की फीस पूर्णतः माफ (full fee concession) कर दी गयी है। इसके लिए हम श्री मुरलीधर जी के भी बहुत आभारी हैं। हमराज कॉम्प्लेक्स में आग लगने से जिन अभिभावकों का नुकसान हुआ उनके बच्चों को भी छात्रवृत्ति की सुविधा दी गयी।

कोविड काल से अब हम उभर आये हैं । सब कुछ सामान्य होने से बच्चों ने सभी co-curricular एवं sports activities में बढ़ चढ़कर भाग लिया। KSS एवं अन्य अर्न्तविदयालयिय प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने भाग लिया और कीर्तिमान स्थापित किये । पूर्णचन्द्र विद्या निकेतन द्वारा आयोजित Computer Carnival में बच्चों को Winners Trophy प्राप्त हुयी।

विद्यालय में एक बार पुनः टेक्नोफेयर का आयोजन किया गया जिसमें ३० विद्यालयों ने भाग लिया । इसके साथ साथ विद्यालय में KSS Story Writing Competition (Cl. VI-VIII) एवं KSS Table Tennis का भी आयोजन किया गया।

१५ अगस्त को विद्यालय प्रांगण में झण्डारोहण किया गया । सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति श्री मनोज अग्रवाल जी उपस्थित रहे ।

गणतंत्र दिवस भी हमारे विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सौम्या पांडे, आई०ए०एस० मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस वर्ष का एक मुख्य आयोजन नवाकृति (Sports Day) था जिसका आयोजन विद्यालय प्रांगण में ही किया गया इसमें कक्षा पी०जी० से कक्षा ५ तक के बच्चों ने भाग लिया एवं कक्षा ६ से कक्षा १२ तक के बच्चों के लिए Sport Day का आयोजन Green Park में किया गया। इस वर्ष Kriti- Art & Science Exhibition का आयोजन भी हमारे विद्यालय में कराया गया। हम श्री आर० के० अग्रवाल जी के आभारी हैं जो हमारे बच्चों को प्रेरित करने के लिये महान हस्तियों को आमंत्रित करते हैं।

इस वर्ष भी Annual Prize Distribution का आयोजन किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को Trophies and Story Books एवं Book set भी प्रदान किये गये।

क्रमशः ३/-

CBSE Affiliation No. : 2130745

Shree Sanatan Dharm
EDUCATION CENTRE
118/266, Kaushalpuri, Kanpur



श्री अमरनाथ जी श्राफ फाउंडेशन के अर्न्तगत इस वर्ष भी कक्षा १० एवं कक्षा १२ के २०२२-२३ सत्र में उत्तीर्ण मेधावी छात्रों को scholarship प्रदान की गई।

क्रिया कलापों के कक्ष - संगीत, नृत्य, चित्रकला इत्यादि सभी सुचारू रूप से चल रहे हैं । विद्यालय के पुस्तकालय में अब ११,६५३ पुस्तकें हैं। प्रतिवर्ष पुस्तकालय के लिये लगभग डेढ़ लाख रूपये तक की राशि की पुस्तकें खरीदने में लगायी जाती है। बच्चों के जन्मदिन पर उन्हें पुस्तके दी जाती हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीतने पर भी बच्चों को पुस्तकें एवं अन्य उपहार दिये जाते हैं।

शिक्षक -शिक्षिकाओं के चयन हेतु एक विशेष चयन-समिति को गठित किया जाता है जो उनकी शैक्षिक योग्यता व अनुभव के आधार पर उनका चयन करती है। इस वर्ष भी विधिवत् अनेक शिक्षक -शिक्षिकाओं का चयन उनकी योग्यता के आधार पर किया गया।

विद्यालय के office staff, teaching staff एवं कर्मचारी सभी अपने कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से कर रहे हैं । उनका पारस्परिक सहयोग और विद्यालय की ओर devotion सराहनीय है।

विद्यालय की सफलता के लिए मैं प्रबंध समिति के प्रत्येक सदस्य का आभारी हूँ। मैं श्री विनोद खन्ना जी को तहे दिल से धन्यवाद देता हूँ, वे सदैव स्कूल के हित के लिए सोचते हैं। मैं President श्री सुरिन्दर जी धवन को भी धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने स्कूल की उन्नति के लिए सदैव हर संभव प्रयास किये हैं। मैं विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री विनय जी अजमानी का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने विद्यालय के finances को बड़ी कुशलता से सँभाला हुआ है।

हम श्री ध्रुव कुमार रूइया जी, (प्रधान,सभा) एवं श्री कुंज बिहारी (प्रधानमंत्री, सभा) को विशेष रूप से धन्यवाद देते हैं जिन्होंने सदा हमारा सही मार्गदर्शन किया है। साथ ही हम श्री सुभाष जी मक्कड़, श्री वीरेन्द्र कुमार मित्तल, श्री नरेश जी नेभ, श्री सुशील अग्रवाल,श्री संजीव अग्रवाल, श्री अमित मित्तल, श्री जगमोहन भाटिया, श्री हरीश अजमानी, श्री अजय कपूर जी व संपूर्ण प्रबंध समिति को भी धन्यवाद करते हैं जिनका हमारे हर कार्य में सदैव पूर्ण सहयोग रहा ।
मैं श्री नरेश जी सर्राफ को भी धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने विद्यालय की प्रगति में हमें सदा अपना भरपूर सहयोग दिया है।
मैं प्रधानाचार्या श्रीमती शोभादास को विद्यालय के कुशल निर्देशन एवं संचालन के लिए धन्यवाद देता हूँ। विद्यालय की समस्त अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं ऑफिस स्टॉफ का भी मैं धन्यवाद करता हूँ जिनके पारस्परिक सहयोग एवं सतत प्रयासों से विद्यालय तरक्की कर रहा है।

राजीव
प्रबंधक

Manager
Shree Sanatan Dharm Education Centre
118/266, Kaushalpuri, Kanpur

CELEBRATING 25th ANNIVERSARY

Phone : 0512-2234231, 2234264
E-mail : sanatan.dharm@rediffmail.com • Website : ssdecknp.edu.in